**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन जयपुर**

# राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

## राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने की योजनाओं में प्रगति की समीक्षा

जयपुर/अजमेरए 10 जून। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने मंगलवार को रीट सभागार अजमेर में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने इस दौरान विभिन्न केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि आगामी मानसून के दौरान पौधारोपण के लिए बड़े पौधों को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसकी तैयारी अग्रिम करनी ठीक रहेगी। लगाए गए पौधों के लिए पानी तथा सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था करें। इन पौधों के जिवितता प्रतिशत को बढ़ाने के लिए समस्त स्तरों से प्रयास होने चाहिए। सुरक्षा तथा पानी उपलब्ध करवाने वाले क्षेत्र को ही पौधारोपण के लिए चुनें।

उन्होंने कहा कि नरेगा योजना में प्रति जॉब कार्ड औसत श्रमिक दिवस बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए नए कार्य स्वीकृत करने के साथ ही श्रमिकों को भी जागरूक करें। स्वामित्व योजना के पट्टा पार्सल का वितरण कर समस्त व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए तेजी से कार्य करें। स्वच्छ भारत अभियान एक सतत प्रक्रिया है। समस्त परिवारों के शौचालय कार्यशील रहने चाहिए। संग्रहित कचरे का पृथक्करण करने के पश्चात आर्थिक गतिविधियों में उपयोग सुनिश्चित करें। पर्यावरण संरक्षण को केन्द्र में रखकर कचरा किसी भी परिस्थितियों में जलाया नहीं जाए ।

श्री बागडे ने कहा कि जिले की प्रत्येक बसावट में चार पहिया वाहनों के माध्यम से आवागमन संभव करवाने के लिए सड़क सम्पर्क आवश्यक है। डामरीकरण से वंचित सड़कों के लिए विभिन्न मदों का उपयोग कर मोटरेबल सड़क बनाए। जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाकर प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाएं। इन्हें पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए स्थाई व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए पंचायत समिति स्तर पर कार्यों की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों से फीडबैक लिया जाए।

राज्यपाल ने कहा कि जिले को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने के लिए सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन को बढ़ाने की आवश्यकता है। राजकीय कार्यलय भवनों की छतों तथा परिसरों के खाली स्थान का इसके लिए उपयोग करें। जिले के चिकित्सा केन्द्रों पर पर्याप्त स्टाफ होना चाहिए। कोरोना के प्रति सावधानी रखें। जिले को टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को केन्द्र में रखकर कार्य करें। उचित मूल्य की दुकानों पर वन नेशन वन राशन कार्ड के अनुसार बाहरी राज्यों के व्यक्तियों को भी गेंहु मिलना सुनिश्चित रखें। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के टीकाकरण का कार्य लगातार जारी रखा जाना चाहिए। बैठक में राइजिंग राजस्थान के एमओयू की भी समीक्षा की गई। राजिविका के निष्क्रिय स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय करें। उन्हें उद्यम की तरह से संचालित करने के लिए तैयार किए जाने की आवश्यकता है। समूह स्वयं को संचालित करने में सक्षम होना चहिए।

**राज्यपाल ने पुष्कर में किए ब्रह्मा मंदिर दर्शन**

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को तीर्थराज पुष्कर पहुंचकर जगतपिता ब्रह्मा मंदिर में दर्शन किए तथा विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

ब्रह्मा मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रशासन एवं पुजारी वर्ग द्वारा राज्यपाल का पारंपरिक स्वागत किया गया। मंदिर के महंत एवं पुजारियों ने उन्हें ब्रह्मा मंदिर की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता की जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि पुष्कर धार्मिक आस्था का केंद्र होने के साथ राजस्थान की आध्यात्मिक पहचान भी है।

Oswal
ADC

माननीय राज्यपाल महोदय, राजस्थान
की अध्यक्षता में
जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक
जिला प्रशासन अजमेर

...